प्रेषक,　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　**HC ID-UP 6314**

राधे मोहन श्रीवास्तव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष सं०-८, झाँसी।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
झाँसी।

विषयः माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं०-25/Admin(A) dt. July 13,1998 के अनुपालन में प्रेषित पत्र दिनांकित-१३.११.२०१९ के संबंध में Admin(A-4) द्वारा की गयी आपत्ति के संबंध में वांछित स्पष्टीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में स-सम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा क्रय किये गये अचल सम्पत्ति/अपार्टमेण्ट 2BHK फ्लैट नं०-२०२ द्वितीय तल, कालिका बिहार स्थित स्मृति बिहार कालोनी, किला मोहम्मदीनगर, वार्ड-राजा बिजलीपासी, लखनऊ के संबंध में उचित प्रारूप पर वांछित सूचना दिनांक-१३.११.२०१९ को प्रेषित की गयी थी। जो माननीय उच्च न्यायालय को दिनांक-१५.११.२०१९ को प्राप्त हुयी है।

उक्त सूचना के सन्दर्भ में माननीय उच्च न्यायालय के प्रशासनिक अनुभाग Admin(A-4) द्वारा आपत्ति लगायी गयी है, जिसके द्वारा क्रय की गयी सम्पत्ति के संबंध में प्रथम भुगतान की तिथि से लेकर अन्तिम भुगतान तक के बैक खाते की इन्डेक्स/पेज सहित बैक पासबुक की प्रति एवं मासिक वेतन से अधिक खाते में जमा धनराशि के संबंध में स्पष्टीकरण आहूत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में यह निवेदन है कि मेरे द्वारा वांछित प्रारूप में प्रेषित पूर्व पत्र के पैरा-२ व ११ में तिथिवार विवरण उल्लिखित किया गया है। मेरे द्वारा क्रय की गयी सम्पत्ति के संबंध में दिया गया समस्त भुगतान वेतन खाते एवं LIC HFL से ऋण प्राप्त कर किया गया है। मेरे वेतन खाते में प्राप्त समस्त धनराशि मासिक वेतन एवं एरियर से प्राप्त धनराशि है। वेतन खाते में जमा संबंधी जो प्रविष्टि मासिक वेतन से अधिक है, उसका विवरण पूर्व प्रेषित पत्र के पैरा-२ में अंकित किया गया है। तत्संबंध में संबंधित बैक से प्राप्त प्रमाणित अद्यतन बैक विवरण एवं पास बुक के प्रथम पृष्ठ सहित क्रयशुदा सम्पत्ति के संबंध में वेतन खाते से किये गये प्रत्येक भुगतान विवरण एवं खाते में वेतन से अधिक जमा धनराशि को रेखांकित करते हुए सुलभ सन्दर्भ हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर सादर प्रेषित की जा रही है। जिसे आपत्ति निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर।　　　　　　　　　　　　　　　　भवदीय,

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, झाँसी
पत्रांक 4701/AII दिनांक 06.12.2019
अग्रसारित
06.12.19
जनपद न्यायाधीश
झांसी

6/12/19
(राधे मोहन श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष सं०-८, झाँसी।

दि०-०६.१२.२०१९
संलग्नक-उपरोक्तानुसार।